तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 2 जून 2025

13 राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से छग के 155 शिक्षक ...

14 कोदो-कुटकी व रागी की खेती को बढ़ावा देने के लिए ...




## खबर संक्षेप

### जहरीले सांप के काटने से महिला अस्पताल में भर्ती

**बालोद।** ग्राम महली घाट बुढ़ी खामार मे शनिवार को रेयाबती पति बरातु बैगा 30 वर्श को जहरीले सांप ने डस लिया। घटना की सूचना पर परिवार के लोगो द्वारा 108 की सहायता से महिला को पहले प्राथमिक चिकित्सालय केन्द्र मे ईलाज करवाया गया। जहां के प्राथमिक चिकित्सालय के डॉक्टर द्वारा ईलाज करने के बाद महिला को जिला अस्पताल मे भर्ती किया गया। जहां महिला की स्वास्थ ठीक बताई जा रही है। वही सर्पदंश का मामला होने के कारण महिला को 48 घंटे निगरानी मे रखा गया है।

### रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा आज से

**अंडा।** जे सी सी क्रिकेट क्लब आमटी आबादी के तत्वाधान में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2 जून से आयोजन किया जा रहा है । जिसमें प्रवेश शुल्क 1111 रुपए रखा गया है जिसमें प्रथम पुरस्कार 15555 रुपया श्री केशव बंटी हरमुख कोल्हापुरी 36 फुट द्वारा प्रदत द्वितीय पुरस्कार 8888 रुपया गुप्त दान तृतीय पुरस्कार 5555 रुपया श्रीमती दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी सरपंच द्वारा प्रदत चतुर्थ पुरस्कार 3333 रुपया श्री डॉक्टर तुलाराम साहू उप सरपंच द्वारा प्रदत एवं फाइनल मैच में हैट्रिक छक्का हैट्रिक चौका हैट्रिक विकेट बेस्ट बॉलर बेस्ट कीपर बेस्ट बैट्समैन बेस्ट फील्डर मैन ऑफ़ द सीरीज का आकर्षक पुरस्कार रखा गया है यह जानकारी हिमांशु पटेल व चितरंजन साहू ने दी।

### युक्तियुक्तकरण के तहत बालोद में शिक्षकों की काउंसलिंग 2 व 3 जून को

**बालोद।** बालोद जिले के अंतर्गत युक्तियुक्तकरण के तहत चिन्हांकित अतिशेष सहायक शिक्षक, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक, उच्च वर्ग शिक्षक एवं प्रधानपाठक माध्यमिक शाला के अलावा व्याख्याता नियमित तथा एल.बी. ई एवं टी संवर्ग की सूची का पृथक–पृथक प्रकाशन कर जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी डीपी. कोसरे ने बताया कि बालोद जिला में युक्तियुक्तकरण के तहत 2 जून को ई एवं टी संवर्ग के समस्त व्याख्याताओं एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों तथा ई एवं टी संवर्ग के उच्च वर्ग शिक्षकों का इसी तरह 3 जून के ई एवं टी संवर्ग प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों एवं सहायक शिक्षकों का काउंसलिंग सुबह 10 बजे से जिला पंचायत सभागार बालोद में किया जाएगा। कोसरे ने बताया कि जिले में युक्तियुक्तकरण के तहत ई संवर्ग के 341 एवं टी संवर्ग के 73 सहायक शिक्षकों को इसी तरह ई संवर्ग के 120 एवं टी संवर्ग के 52 शिक्षकों को तथा ई संवर्ग के 13 तथा टी संवर्ग के 02 प्राथमिक शालाओं के शेष पेज 13 पर

# दो बिजली पोल वायर समेत तीन किसानों के खेत पर गिरा, एक माह बाद में कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम टेकापार में सरकारी बोर के दो खंभे बिजली वायर सहित एक माह से अधिक समय से तीन किसानो के खेतो मे गिर कर खेतो मे पड़े हुए है लेकिन बिजली विभाग को किसानो द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग इन्हे सुधारने का नाम नही ले रही है जिसके कारण वर्तमान मे किसानो को फसल कटाई मे समस्याओ का सामना करना पड़ा, वही आगे की फसल बुआई के लिए किसानो को दिक्कते हो सकती है।

ग्राम टेकापार के नदी खार स्थित खेत जिन्हे ग्रामीण खाल्हे खार कहते है जहां स्थित सरकारी ट्यूबवेल के लिए गए बिजली कनेक्शन के दो खंभे पूरे वायर सहित पिछले एक माह से तीन किसानो के खेतो मे गिरे हुए है। जहां खंभे व वायर खेतो मे गिरे होने के कारण किसानो को कृशी के कार्य मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है लेकिन किसानो को हो रही इन दिक्कतो को बताने के बाद भी बिजली विभाग द्वारा वर्तमान मे कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार एक माह पूर्व अक्ती अक्षय तृतीय के बीच तेज आंधी तुफान के बीच हुई बारिश मे सरकारी ट्यूबवेल के लिए आए बिजली कनेक्शन के दो खंभे पूरे वायर के साथ खेत मे गिर गए थे जिसके बाद सुबह जब इसकी सूचना बिजली विभाग को उस समय दी गई थी तो बिजली विभाग ने गिरे हुए खंभो व वायर से कनेक्शन कट कर दी थी व खेतो मे फसल होने का शेष पेज 13 पर

## फसल बोआई और कटाई कार्य प्रभावित पर विभाग को परवाह नहीं



### नलकूप पानी नहीं मिल रहा

वही गिरे हुए खंभों व वायर से बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन कट तो कर दी गई थी लेकिन उसके बाद भी किसानो व फसल कटाई के बाद पशुओ को खेतो मे चराने वाले चरवाहो मे खंभे व तार देख डर बना रहता है। वही खेतो मे खंभे व वायर होने के कारण किसानो को आगामी फसल की तैयारी करने मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वही खंभे गिर जाने के कारण सरकारी ट्यूबवेल से पानी न मिलने से पानी की समस्या का भी सामना किसानो को करना पड़ा व वर्तमान मे खेतो के काम मे जाने पर पीने के पानी के लिए किसानो को भटकना पड़ रहा है तथा किसान जल्द खेतो मे गिरे खंभे व वायर की मरम्मत के साथ लाईन बहाल करने की मांग कर रहे है ताकि आस पास के बहुत सारे किसानो को खेती किसानी के लिए पानी की दिक्कत न हो।



**आयोजन :** छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने में हो समाज का महत्वपूर्ण योगदान

# चंद्रनाहूं कुर्मी समाज परिश्रम में बेजोड़ और राज्य के स्वाभिमान का प्रतीत : सीएम साय





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज का अतीत गौरवशाली रहा है। समाज में क्षत्रपति शिवाजी महाराज जैसे प्रतापी शासक हुए वहीं सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे महानविभूति, जिन्होंने देशी रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये हैं।

- चंद्रनाहूं कुर्मी समाज के केन्द्रीय महाधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज न केवल परिश्रम और स्वाभिमान का प्रतीत है, बल्कि यह समाज छत्तीसगढ़ के विकास का आधार स्तंभ भी है। छत्तीसगढ़ को नई दिशा और विकसित राज्य बनाने में यह समाज का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय आज दुर्ग जिले के ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के केन्द्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा तथा विधायक श्री अजय चन्द्राकर, श्री गजेन्द्र यादव एवं श्री ललित चन्द्राकर जी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के अधिकांश लोग मूल रूप से किसान है। साथ ही व्यापक स्तर पर शेष पेज 13 पर





### डिजिटल व्यवस्था की दिशा आगे बढ़ रहे

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार प्रशासनिक पारदर्शिता और डिजिटल व्यवस्था की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अब जमीन की रजिस्ट्री के तुरंत बाद नामांतरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे आम जनता को राहत मिली है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अधिकतर कार्य ऑनलाइन किए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं बल्कि जीवन और समाज को बेहतर बनाने का जरिया है। जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तब आईआईटी, आईआईआईटी, लॉ यूनिवर्सिटी और मेडिकल कॉलेज जैसे प्रमुख संस्थान स्थापित किए गए। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और उन्हें शेष पेज 13 पर

### निषाद समाज के वार्षिक अधिवेशन आज सीएम साय होंगे शामिल



**अंडा।** छत्तीसगढ़ निषाद (केवट) समाज जिला - बालोद वार्षिक अधिवेशन भगवान श्री रामचंद्र जी की असीम कृपा से 2 जून को ग्राम- भिलाई अर्जुन्दा ( गुण्डरदेही) में आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज सहित ग्रामीण जनों में बड़ी उत्साह है बात करें की इस ग्राम में छतीसगढ़ बनने के बाद पहेली बार 25 वर्ष बाद कोई मुख्यमंत्री ग्राम भिलाई अर्जुन्दा में आ रहा है जिससे की ग्राम के वासियों को एक बड़ी सौगात मिल सकती है। इस आयोजन में अतिथिगण ( दोपहर 2 बजे से मुख्य अतिथियों का आगमन एवं उद्बोधन) होगा इस आयोजन में मुख्य अतिथि : मुख्यमंत्री छ. ग. शासन विष्णुदेव साय । केंद्रीय मंत्री रामभूषण चौधरी। अध्यक्षता : प्रांताध्यक्ष निषाद समाज एवं विधायक कुंवर सिंह निषाद। अति विशिष्ट अतिथि : उपमुख्यमंत्री छ. ग. शासन विजय शर्मा,सांसद, कांकेर लोकसभा भोजराज नाग। विशिष्ट अतिथि शेष पेज 13 पर

# गौ सेवकों ने नियमित मानदेय और संविलियन की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ पशुधन में कार्य करने वाले प्रशिक्षित गौ सेवक और कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता संघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं और छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के संरक्षक संत बालक दास महाराज से सौजन्य मुलाकात किया। जिसमे जिला के गौ सेवक संघ भी उपस्थित थे।

- गौसेवा आयोग के संरक्षक संत बालक दास से की मुलाकात और मांग रखी

अखिल भारतीय विद्याथऍं परिषद में कार्यक्रम में मुलाकात किया गया। छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित गौ सेवक संघ और (पीएआईडब्लू) प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता संघ ने अपनी मांगों को लेकर पुनः मुख्यमंत्री जी से मुलाकात किया और मांग पत्र दिया। जिला रायपुर से चंद्रशेखर सिंह राजपूत मुंगेली से पुष्पकांत शर्मा और बालोद से विनोद देवांगन, राजनांदगांव से धर्मेश साहू ने कहा कि विगत 25 वर्षों से पशुपालन विभाग में कार्य आधारित पर कार्य करते आ रहे हैं। हम सभी प्रकार के पशुधन विभाग का कार्य करते आ रहे है और गांव गांव में जाकर विभाग का कार्य को किसान तक पहुंचा रहे हैं पर हमें कार्य के आधारित ही मानदेय मिलता है वह भी मानदेय मिलने में कई वर्ष लग जाता है। संयुक्त रूप से चारों ने बताएं कि हमारी यही मांग है कि हमें एक निश्चित मानदेय और शासन में संवलियन किया जाए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों की समस्या में गंभीरता से लेता हूं और कहीं ना कहीं हम रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे। साथ संघ ने छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के संरक्षक और पाटेश्वर धाम के संचालक महंत बालक दास महाराज से मुलाकात किया गया और उन्हें भी अपने समस्याओं को अवगत कराया गया। महाराज ने भी मुख्यमंत्री को कहा कि इन लोगों की बड़े लंबी समय से लंबित मांग है इनके ऊपर आप जरूर विचार करें और गौ माता की सेवक की समस्या को अतिशीघ्र समाधान कराए। इस मुलाकात में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि कार्यकर्ता करीब 11 जिलों से आए थे जिनमें जिला जसपुर से लाजरूसराम, बालनंदराम, सूरजपुर जिला से दिनेश यादव, श्याम चंद, जिला रायपुर से चंद्रशेखर सिंह राजपूत, भूषण देवांगन, जगदीश वर्मा, चंद्रशेखर साहू, जिला बालोद से मुकेश शेष पेज 13 पर

# बैंक अधिकारी से पांच हजार की लूट 14-15 आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

अर्जुन्दा थाना क्षेत्र मे आरबीएल बैंक के कलेक्शन अधिकारी यज्ञदत्त साहू पर 14 से 15 बदमाशो ने हमला कर लूटपाट की। घटना रात करीब 7:30 बजे ग्राम परसतराई के पास हुई।

हमलावरो ने अधिकारी के साथ मारपीट करते हुए 5,000 नकद और एक चांदी की चेन लूट ली। जानकारी के अनुसार ग्राम बघमरा निवासी यज्ञदत्त साहू अपने साथी लिराज उर्फ विक्की मंडल के साथ मोटरसाईकिल सीजी 24 टी 4350 से कैश कलेक्शन कर अर्जुन्दा से बालोद लौट रहे थे, तभी पीछा करते हुए केटीएम बाईक सवार बदमाशो ने उन्हे रोक और गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। मारपीट मे यज्ञदत्त के चेहरे और दोनो हाथो मे चोटे बाई है जबकि उनकी बाई भी क्षतिग्रस्त हो गई है। कलेक्शन अधिकारी ने बताया उसके बैग मे 40,000 से 45,000 तक की शेष पेज 13 पर



# सात साल से निर्माणाधीन अंडा-रनचिरई मार्ग में अनियमिता की शिकायत पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज:अंडा

लोक निर्माण विभाग दुर्ग एडीबी द्वारा ग्राम अंडा से रनचिरई मार्ग का निर्माण विगत सात वर्षों से चल रहा है जिसमें ग्राम पंचायत सिरसिदा के लीला चौक के पास सड़क निर्माण व नाली निर्माण में भारी अनियमिता पाई गई है जिसकी शिकायत बार बार करने के बावजूद विभाग व सड़क निर्माण के इंजीनियर रितेंद्र गजपाल द्वारा कोई उचित कदम नहीं लिया जा रहा है जिसके कारण आज तक शेष पेज 13 पर



### ठेकेदार की लापरवाही

अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोत्तम चन्द्राकर ने कहा कि इस नाली निर्माण के ठेकेदार के द्वारा लापरवाही किया जा रहा है जिसे ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच को नई पुछने के कारण यहां विवाद उत्पन्न हुए, उसके डिपार्टमेंट के इंजिनियर के द्वारा समझौता करवाया गया जिससे सब लोग संतुष्ट हो गये।

### ठेकेदार और इंजीनियर पर कार्रवाई होगी

ग्राम पंचायत सिरसिदा सरपंच श्रीमती सरस्वती इन्द्र जीत चन्द्राकर ने कहा कि यहां कार्य सात साल हो गए हैं।अभी तक नई किये एडीबी द्वारा बारीश के पहले जल्द से जल्द किया जाये , बरसात में गांव वालों को बहुत दिक्कत हो जायेगा बरसात के पहले जल्द किया जाए, नई तो ठेकेदार और इंजीनियर के ऊपर कार्यवाही किया जायेगा।

**छत्तीसगढ़ से 155 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान हुआ**

# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से टटेंगा के व्याख्याता पाठक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम टटेंगा के व्याख्याता अजय पाठक राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किये गए। नवाचारी गतिविधियाँ समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व–प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है। इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024–25 का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर सह एससी. ईआर.टी. में आयोजित हुआ। जिसमें पूरे छ्त्तीसगढ़ से 155 शिक्षक, शिक्षिकाओं का सम्मान हुआ।

इस कार्यक्रम में अतिथि अपर संचालक एससीईआरटी.जेपी. रथ, सहायक संचालक एससीईआरटी डॉ.बी. रघु, डाईट प्राचार्य बीएल. देवांगन, डाईट रायपुर डॉ.एसके जैन, डाईट रायपुर केके साहू, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी, डॉ सुनील कुमार यादव एवं पवन कुमार कुंभकार सहित छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थति रहे। इस कार्यक्रम में बालोद जिला के विकास खंड डौंडीलोहारा से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के नवाचारी शिक्षक अजय पाठक को उनके संगीत्याम, भाषा में नवाचार, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मेमोंटो, पेन भेंट कर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया. साथ ही कार्यक्रम मे सतत सहयोग के लिए पवन कुमार कुम्भकार मा. शाला कोहंगाटोला बालोद को विशेष रूपसम्मानित किया गया। इस समूह से जुड़े सभी टीम मेबर शासकीय विद्यालय मे पदस्थ शिक्षक है जो सरकारी विद्यालय मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए आपस मे जुड़कर अतिरिक्त प्रयास कर रहे है. ये 2017 से लगातार प्रयासरत है एवं पिछले 4 वर्षो से लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है, इस कार्यक्रम की पूरी योजना, क्रियान्वयन, संचालन एवं समस्त व्यय इन शिक्षको द्वारा ही किया जाता रहा है।

इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सभापति टूमन साहू, प्राचार्य आर के देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश कुमार रावते, वेद प्रकाश साहू, चंद्र प्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेन्द्र नेताम, देव कुमार मोहनमाला, लिखन राम सरपा एवं संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन ने हर्श व्यक्त की।



# धान व कपास समेत 14 खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने किसानों की आय दुगनी करने के लिए संकल्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) की केंद्र सरकार द्वारा सत्र 2025–2026 के लिए धान और कपास समेत 14 खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य फिर से बढ़ाने के किसान हितैषी निर्णय के लिए बधाई देकर बालोद जिले के भाजपा–परिवार और किसानों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित की है।

देशमुख ने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुई 50 फीसदी बढोतरी किसानों के लिए सौगात है। भाजपानीत राजग सरकार ने 10 साल में किसानों के हित के लिए काम किया है, साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर शेष पेज 13 पर





- किसानों की आय दुगुनी करने संकल्प को प्रधानमंत्री ने पूरा करने एक उत्तम निर्णय लिया

### मोदी जी के नेतृत्व में कृषि बजट हुआ 5 गुना

क्षेत्र के कृषक व भाजपा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि अपने 10 सालों के कार्यकाल में मोदी सरकार ने जमीन आसमान के अंतर वाला काम करके दिखा दिया है। कृषि का जो बजट कांग्रेस शासनकाल में 27 हजार करोड रुपए हुआ करता था, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में अभी यह बजट 1.27 लाख करोड रुपए को भी पार कर गया है। 5 गुना बढ़ोतरी का यह बजट है। साथ ही देश के करोड़ों किसानों को किसान सम्मन निधि मिल रही है। धान के समर्थन मूल्य में 2004 से 2014 तक केवल 4 लाख करोड़ रुपए का भुगतान हुआ वही मोदी सरकार में 14 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया शेष पेज 13 पर

# पीएम आवास : केन्द्र और राज्य की छूट के अलावा हितग्राहियों को मिलेगी राशि

# स्वीकृति के 18 माह में गृहप्रवेश पर मिलेगी 32 हजार प्रोत्साहन राशि

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थी अगर स्वीकृति तिथि से अठारह माह के अंदर पीएम आवास तैयार कर गृहप्रवेश करते है तो उन्हें राज्य शासन 32850 रूपए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराएगी। यहीं नही शहरी आवास योजना को प्रोत्साहित करने के लिए न सिर्फ हितग्राही बल्कि इंजीनियरों को भी प्रति मकान छ: हजार रूपए मानदेय जारी किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना दो के तहत नगरनिगम द्वारा सभी साठ वार्ड में विगत दिनों सर्वे कराया गया। जिसमें करीब एक हजार हितग्राहियों ने पीएम आवास के लिए आवेद किया है। जानकारी अनुसार इसमें पांच सौ से अधिक आवास स्वीकृत भी हो गए है। वही आधे आवास की भी जल्द ही स्वीकृति मिलने की संभाना है। बहरहाल स्वीकृति मिलने के बाद तेजी से निर्माण कराए जाने के निर्देश भी दिए गए है।

राज्य के नगरीय प्रशासन विभाग का कहना है कि, (बीएलसी) घटक के समयबद्ध क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को निर्धारित समयावधि में लाभ प्रदान करने हेतु ₹मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना₹ प्रारंभ की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा में आवास का लाभ प्रदान किये जाने



**पीएम शहरी आवास 2.0 में 18 माह के अंदर करना होगा गृहप्रवेश**

### अनुज्ञा से जियोटैग के बाद होंगे पात्र

मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के लिए हितग्राहियों के आवास निर्माण अवधि की गणना संबंधित हितग्राही को नगरीय निकाय द्वारा जारी भवन अनुज्ञा दिनांक से उनके आवास पूर्णता के जियोटैग दिनांक तक की जाएगा। हितग्राहियों के आवास पूर्णता दिनांक के सत्यापन हेतु उनके पूर्ण स्तर का जियो-टैग दिनांक मान्य होगा। इसमें जियो-टैग निकाय द्वारा अनुमोदित होना अनिवार्य किया गया है। अफसरों ने बताया कि, 30 वर्ग मीटर से 45 वर्ग मीटर तक कारपेट क्षेत्रफल वाले नव निर्मित आवास में न्यूनतम दो कमरे, रसोई घर और शौचालय, बाथरूम का निर्माण किया गया हो। उक्त निर्माण कार्य में समस्त आंतरिक एवं बाह्य कार्य जैसे प्लास्टर, फ्लोरिंग, पोताई, विद्युतीकरण, जल की व्यवस्था, दरवाजे-खिड़की की भी पडताल होगी। आवास के मुख्य

### इस तरह होंगे आवास बनाने का अंशदान

पीएम आवास के लिए केन्द्र सरकार डेढ लाख, राज्य शासन एक लाख रूपए जारी करेगी। वहीं डीपीआर और पीएमसी शुल्क यानि इंजीनियरों का मानदेय 61 सौ रूपए व हितग्राही प्रोत्साहन 32850 रूपए मिलेगा। इसमें एक लाख रूपए हितग्राही अंशदान भी शामिल होगा। इस तरह गृहप्रवेश बाद हितग्राहियों को राशि तीन लाख 89 हजार रूपए जारी किया जाएगा।

### पुराने मकानों में किस्त सुविधा, किराएदार को मौका

नगरनिगम दुर्ग दर्जनभर इलाको में पीएम आवास निर्माण किया है। जिसमें बोरसी 108, पोटियाकला फार्चून हाईट 36, गोकुल नगर पुलगांव 336, गणपति विहार बोरसी 108, सरस्वती नगर 522 और पोटियाकला 116 मकान है। मोर मकान-मोर आस योजना के तहत बने इन मकानों को पूर्व में व्यवस्थापन के तहत वितरित किए जाने की पात्रता निर्धारित की गई थी। लेकिन बाद में किराएदारों को भी मकान लेने की छूट दी गई हे। साथ ही इसकी खरीदी के लिए किस्त सुविधा दी गई हैं। जिसमें आबंटन के दौरान तीस फीसदी राशि जमा करनी होगी। वही एक से तीन माह में पन्द्रह-पन्द्रह फीसदी, वही माह से सात और नवे माह तक दस-दस प्रतिशत व आधिपत्य के दौरान दस फीसदी राशि देने की सुविधा हैं। बहरहाल यहां के मकान अब तक नही बिके हैं।

### निर्देश मिले

पीएम आवास निर्धारित समय पर पूरा करने वाले हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। उनके खाते में गृह प्रवेश बाद राशि जमा की जाएगी। **-सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त ननि दुर्ग

# परीक्षा के एक माह बाद भी नहीं मिली अंकसूची



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केंद्रीय कृत परीक्षा कक्षा 5वीं व 8वीं का मार्कशीट पूरे 1 महीने बाद जारी किया गया। वैसे तो 30 अप्रेल को अंकसूची जारी हो जाना था। लेकिन आज भी बार बार शाला से त्रुटि सुधार करवाने के बावजूद आज भी त्रुटि पुर्ण अंकसूची वितरण किया गया है। शिक्षा विभाग की बडी लापरवाही सामने आ रही हैं।

■ शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने

जिसमे शाला का नाम में गलती, अलग अलग यूडाइज कोड और अलग शाला, हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के शाला की अंकसूची में माध्यम गलत होना, बच्चों के नाम पिता का नाम मे गलती, कोई कोई मार्कशीट पुर्ण रूप से कोरा कागज है। हिंदी देवनागरी लिपि के जगह त्रुटिपूर्ण आकृति को प्रिंट किया गया है। बहुत सारे स्कूल के विद्यार्थियों का अंकसूची अप्राप्त है। इससे शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही पूरक कार्य परिलक्षित हो रहा है। संकुल समन्वयक को बार-बार परेशान कर फर्द सुधार करवाया गया। उसके बाद भी आज सही रिजल्ट प्रस्तुत नही किया जा सका। इस पर परीक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

### पूरक परीक्षा को लेकर बना संशय

विदित हो कि, राज्य शासन के आदेशानुसार 30 अप्रैल तक परिणाम घोषित करते हुए पूरक आये हुए बच्चो का क्लास लगा कर 1 जून तक परीक्षा लेना था। किंतु दुर्ग जिला शिक्षा विभाग की दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के घोर लापरवाही के वजह से अब यह भी सम्भव नही होता दिख रहा है। मई के प्रथम सप्ताह में ही दो बार त्रुटि सुधार का कार्य समस्त संकुलों और स्कूलों के शिक्षको द्वारा किया जा चुका है। इसके बावजूद त्रुटि सुधार कार्य कार्यालय द्वारा नही किया गया।

## खबर संक्षेप

### चालानी कार्रवाई रोकने की मांग

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने आम जनता को हो रही परेशानियों के मद्देनजर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम पूरा होने तक चलानी कार्यवाही रोकने का आग्रह किया है। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य है। दुर्ग जिले सहित पूरे राज्य में परिवहन विभाग ने इसके लिए पहले 31 मार्च 2025 तक की समय सीमा दिया था, जिसे बाद में 15 अप्रैल 2025 तक बढ़ाया गया। 16 अप्रैल 2025 से बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर 500 से 10,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा रहा है। जिसकी वजह से आम लोगों को बेवजह भारी तकलीफें झेलनी पड़ रही है। हर वाहन मालिक को समय और सुविधा दिया जाना आवश्यक है। डॉ. उमरे ने जब तक राज्य के सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम पूरा नहीं हो जाता, तब तक चलानी कार्यवाही, चालान और जुर्माना को रोकाने की मांग की है।

### अग्रवाल दंपति ने किया देहदान, सौंपी वसीयत




**दुर्ग।** स्टील कॉलोनी भिलाई निवासी भिलाई नगर निगम के सेवानिवृत इंजीनियर तपन अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल ने अपने देहदान की घोषणा कर देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया एवं राजेश पारख को सौंपी। तपन अग्रवाल ने कहा आज उनकी वर्षों पुरानी इच्छा पूरी हुई। आज अपनी पत्नी सहित देहदान की घोषणा कर उन्हें संतुष्टि हो रही हैं कि अब उनके जाने के बाद उनकी व उनकी पत्नी की आँखों से चार लोगों को नई रौशनी मिलेगी व भविष्य के डॉक्टरों को रिसर्च हेतु मृत देह केडेवर मिले तो हम पति पत्नी का जीवन सार्थक होगा।

### युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के लिए तिथि निर्धारित

**दुर्ग।** युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत अतिशेष हुए सहायक शिक्षक, शिक्षक व्याख्याता के काउन्सलिंग की समय-सारिणी निर्धारित कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार कांउसलिंग 2 जून को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक जेआरडीशासबहु उमा वि दुर्ग में प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षकए प्राथमिक शाला तथा उसी दिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक प्रधानपाठक एवं शिक्षक पूर्व माध्यणशाला का काउंसलिंग होगा। इसी प्रकार 03 जून 2025 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक जेआरडीशास बहुउ मावि दुर्ग में व्याख्याता, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के काउंसलिंग की प्रक्रिया होगी।

### संकल्प से सिद्धि तक के लिए भाजपा ने की समिति गठित

**भिलाई।** संकल्प से सिद्धि तक के लिए बीजेपी ने समिति का गठन किया है। अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के निर्देश पर महामंत्री प्रेमलाल साहू ने आदेश जारी किया है। इसमें कोहका से संयोजक डॉ. दिनेश साहू, सोम भट्ट, सुरेखा देशमुख, सुपेला डॉ. दिलीप शर्मा, रंजीता ठाकुर, यशोदा, कैम्प संजय जायसवाल, भगवती साव, धर्मेंद्र पांडेय, वैशालीनगर मोतीलाल श्रीवास्तव, कमलावती, मुरलीधर, खुर्सीपार गुलाब सिंह, श्रीनू राव, मेघा कौर, पूरब मंडल ब्रिजेश मिश्रा, अजय कन्नौजिया, ज्योति सोनी, पश्चिम रजनीकांत पांडेय, कामिल राबर्ट, सोनाली, भिलाई-तीन विपिन, डॉ. बालमुकंद, प्रेमलता, चरोदा वेदप्रकाश, मलय, प्रमिला, जामुल दीपक, संजय, गायत्री, अहिवारा जितेंद्र, संजय, शुभम, मुरमुंदा भोजराज, सरिता, प्रवेश, जेवरा-सिरसा सुखनंदन देशमुख, किशन साहू, लक्ष्मी कुंभकार शामिल हैं।

# नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर पालिक निगम द्वारा पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि, मंच पर महिलाओं का सम्मान एक प्रतीक है। असल में हम सभी मातृशक्ति का सम्मान करते है। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर द्वारा किए कार्यो को अनुकरणीय कहा,नारी का सम्मान हर दिन हो। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा महारानी अहिल्याबाई के जीवन काल पर प्रकाश डाला गया और धर्म जागरण, सामाजिक सुधार, लोककल्याणकारी कार्यो की सराहना की गई।उन्होंने ये भी कहा कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य महारानी अहिल्याबाई के आदर्शों को जनता तक पहुंचाना और उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा देना। कार्यक्रम में एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, लीलाघर पाल, काशीराम कोसरे, शशि साहू सहित शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कालिहारी,माया बेलचंदन समेत कई गणमान्य व्यक्ति, भाजपा पदाधिकारी, स्वा सहायता समूह निगम अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वच्छता दीदी और शहर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओ का शाल, श्रीफल मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, ललित चन्द्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक द्वारा किया। कार्यक्रम में पीएम आवास बीएलसी घटक के तहत पात्र 15 हितग्राहियो को भी स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

■ अहिल्याबाई के जीवन पराक्रम पर प्रकाश डाला

## पर्यावरण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2025 को पर्यवारण दिवस पर भव्य कार्यक्रम को लेकर महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे ने पांच जून को पर्यावरण दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक ली। पर्यावरण दिवस निगम द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण, दुष्प्रभाव एवं समाधान” विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से समाधान सुझाना है। इसमें मिडिल स्कूल के बच्चे प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है,प्रतियोगिता की समय सीमा 1 घंटा 30 मिनट होगी। प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखे गए हैं।यह प्रतियोगिता नगर निगम परिसर सभागार हॉल में सुबह 8 बजे से शुरू होगी।

■ 5 जून को जीतने वालों को मिलेंगे पुरस्कार

# पति की बेरूखी व तानाशाइयों की बेशर्मी से ममता के आंचल में छलक उठा दर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

निश्छल प्रेम की पाकीजगी पर भरोसे ने उस मासूम को जमाने से दूरियां बढ़ाकर अपने हमदर्द के दिल में घर बनाने के लिए मजबूर कर दिया। मजबूर भी इस कदर कि सात वचनों और सात फेरों के साथ एक दूजे का होते देर नही लगी। लेकिन उस बदकिस्मत ने कभी सपने भी नहीं सोचा होगा कि ममता के आंचल में प्रेम की किलकारी गूंजते ही दो दिलों की नजदीकियां मीलों लंबी खामोशी में बदल जाएगीं। और जिस पिया के लिए पीहर और नैहर छोड़ा,उसकी बेरुखी और बेवफाई उसे इंसाफ के लिए सरेराह भटकने के लिए मजबूर कर देगी। एक तरफ तो जीवन के हमसफर के छूटे साथ की असहनीय वेदना और दूसरी ओर दाम्पत्य की निशानी गोद में भूख से बिलखती नन्ही सी जान की भी चिंता । दोतरफा तड़फन से उसे सरेआम आंखों के साथ ममता के छलकते दामन तले अपने लाल की भूख मिटाने विवश क्या होना पड़ा कि वह बेहया राहगीरों के लिए महज एक मनोरंजक तमाशा बनकर रह गई। और फिर आखिर उसका दर्द फट ही पड़ा - बेशर्मों क्या कभी अपनी मां को दूध पिलाते हुए भी ऐसी निगाहों से देखा था,जो, इंसाफ के मंदिर में न्याय की गुहार के लिए भटक रही मुझ बेहसहारा और बदनसीब महिला को आंख फाड़ फाड़ कर देख रहे हो। बनाना है तो मेरी नाइंसाफी का वीडियो बनाओ और मुझे न्याय दिलाओ।

■ दूधमुंहा बच्चा लिए कलेक्टोरेट परिसर पहुंची महिला ने मदद और इंसाफ की लगाई गुहार

कलेक्टोरेट परिसर दुर्ग में आज शादी के बाद अपने पति की ज्यादति से परेशान दूधमुंहा बच्चा गोद में लिए रोती बिलखती एक महिला के छलकते दर्द ने आते जाते लोगों को मजमा लगाने के लिए मजबूर कर दिया। न्याय के लिए चींखती चिल्लाती करीब बीस बाईस वर्षीय बदहवाश युवती रोते हुए नन्हे बच्चे को सीने से चिपकाए हुए अपनी मुसीबत से छुटकारा दिलाने मदद के लिए मददगारों को ढूंढ़ रही थी। खुद को सतनामी पारा धनौरा



की निवासी बताने वाली भावना सतनामी नामक महिला को चींख पुकार करते हुए भटकता देख लोगों भीड़ लग गई। कुछ ने हमदर्दी से उसे पानी पिलाते हुए समस्या पूछी तो कुछ शोहदे ऐसे भी थे जो भूख से रो रहे बच्चे का दर्द देख बदहवाशी से खुलेआम अपना दूध पिलाते हुए देखकर गंदे कमेंट्स करने से बाज नहीं आ रहे थे। इनकी बेशर्मी देख उन्हें बचपन में अपनी मां का दूध पीने की याद दिलाते हुए फटकार लगाई। एक भद्र महिला सहित कुछ संवेदनशील लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस को उसकी व्यथा बताते हुए मदद की अपील की। परेशान शादीशुदा महिला ने लोगों को बताया कि बताया कि वह साहू जाति की है और सतनामी जाति के युवक से प्रेम विवाह किया था । लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद पति मारता पीटता है और उसे नवजात बेटे के साथ बेसहारा छोड़ दिया है। वह यहां इंसाफ के लिए आई है। परेशान इतनी अधिक थी कि वह मेरा वीडियो बनाओ और मुझे न्याय दिलाओ कहते हुए बार बार चिल्ला रही थी। उसने बताया कि उसे कलेक्टर, पुलिस और वकील से उम्मीद है कि उसे जल्द न्याय मिलेगा। पुलिस के जवानों ने पीड़ित महिला के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए समझाइश देते अपने साथ वाहन में उसके घर पहुंचाने का दिलासा दिलाया। पुलिस ने बताया कि पति के परेशान करने से महिला दुख और गुस्से से पीड़ित और मानसिक रुप से भी परेशान है।

### विश्व तंबाकू निषेध ग्राम उरेटा दिवस मनाया गया

**डौण्डीलोहारा।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केन्द्र डौंडीलोहारा के तत्वावधान में समीप के ग्राम उरेटा में नशामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान/” के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहन एन कुमारी राणा थी। अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने किया। विशेष अतिथि भ्राता मन्नू लाल सहारे,पंच थे। सर्व प्रथम अतिथियों एवं ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ब्रह्माकुमारीज डौंडीलोहारा की संचालिका सीमा दीदी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में तंबाकू उत्पादों के सेवन से मनुष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों एवं बीमारियों के बारे में बताया। हमें यदि स्वस्थ समाज की स्थापना करना है तो प्रत्येक व्यक्ति को नशामुक्त होना होगा। उन्होंने /”नशा छोड़ो, सबसे रिश्ता जोड़ो /”नारा दिया। उपस्थित जनसमुदाय को नशापान एवं तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में भाई-बहने तंबाकू निषेध के संबंध में नारे लिखे तख्तियां लेकर खड़े थे। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी चन्द्रलता, कविता बहन सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## कलेक्टर ने यातायात सुरक्षा समिति की ली बैठक

# नियमों का पालन नहीं, निलंबित होगा लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन और सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्था के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि यायायात नियमों का पालन नही करने वालों चालको को लाइसेंस निरस्त किया जाए।

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए। कलेक्टर ने कहा जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने सहित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, प्रभावी उपाय किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क मार्ग से मिलने वाली ग्रामीण सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनायी जाए। पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई एवं सीएमजीएसवाई के अधिकारियों को संबंधित सड़कों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण उपरान्त इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मवेशी मालिकों को चिन्हांकित कर उन्हें खुले में मवेशी नहीं छोड़ने की समझाईश दी जाए। सड़कों पर मवेशी पाये जाने पर मालिकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया जाए।

■ कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश



### ब्लैक स्पॉट सुधारने के निर्देश

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य की जानकारी ली। साथ ही जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में यातायात जागरूकता बढ़ाने तथा नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। दुर्घटना से बचने के लिए दुपहियां वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने व कार चालकों को शीट बेल्ट लगाने अवगत करायी जाए।

### बैठक में मिले सुझावों पर किया गया विचार विमर्श

बैठक में जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये। कलेक्टर ने जिले में घटित हिट एण्ड रन सड़क दुर्घटना के प्रकरण भी बैठक के एजेण्डा में शामिल करने पर जोर दिया। ताकि पीड़ति, गंभीर, घायल, मृतक के कानूनी प्रतिनिधि की मुआवजा राशि हेतु दावा निपटान प्रक्रियाओं को शीघ्र निपटायी जा सकें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पॉइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप बनाने को कहा।

# भगवान बालाजी, माता श्रीदेवी भूदेवी की निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



आंध्र साहित्य समिति दवरा सेक्टर 5 स्थित बालाजी मंदिर की 51वीं वर्षगांठ पर भगवान बालाजी तथा माताओं श्रीदेवी-भूदेवी की भव्य शोभायात्रा देर रात तक निकाली। अध्यक्ष पीवी राव एवं सचिव पीएस राव के नेतृत्व में रंगबिरंगे फूलों, झालरों, झूमरों तथा सतरंगी लाइटों से सजे वाहन से निकाली गई। इस शोभायात्रा में दक्षिण भारतीयों समेत विभिन्न प्रांतों के सैकड़ों भक्त शामिल हुए।

पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजों एवं आतिशबाजी के बीच शोभायात्रा बालाजी मंदिर से शुरू होकर सेंट्रल एवन्यू रोड, जेपी चौक, अंडर ब्रिज, घड़ी चौक, जीई रोड, न्यू बसंत टाकीज रोड, जलेबी चौक, सुभाष चौक, 18 नंबर सड़क, अमरजीवी पोट्टि श्रीरामुलु चौक, कैंप के तेलुगु बहुल क्षेत्रों के सभी प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर तक निकाली गई, जहां से मध्यरात्रि को वापस बालाजी मंदिर लौटी। शेषनाग आसन पर विराजमान इष्टदेव की शोभायात्रा के इस अद्भुत नजारे को लोगों ने घर की छतों और बाल्कनियों से देखा। मंदिर के कपाट बंद होने से पहले भगवान बालाजी को एकांत सेवा अर्पित की गई।

सहस्त्रनामार्चना के बाद भगवान बालाजी और श्रीदेवी-भूदेवी का कल्याणोत्सव (विवाहोत्सव) शुरू हुआ। जिसमें विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रभु बालाजी के उत्सव विग्रह को वर के रूप में नए वस्त्रों तथा स्वर्णाभूषणों से अलंकृत किया गया और श्रीदेवी-भूदेवी के विग्रहों का वधू के रूप में श्रृंगार किया गया। मंदिर के मंडप में भगवान बालाजी को विशेष आसन पर, जबकि श्रीदेवी-भूदेवी को शेषनाग आसन पर स्थापित किया गया, जहां उनके दिव्य सौंदर्य की एक झलक पाने के लिए भक्तों में होड़ मच गई।

## खबर संक्षेप



### हीरापुर में अहिल्या बाई होल्कर जयंती पर स्वच्छता अभियान

**बालोद।** अहिल्या बाई होल्कर जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत हीरापुर में सरपंच पंच और युवाओं के द्वारा ग्राम के तालाब पार सहित अन्य जगहों पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें सरपंच सरपंच दानेश्वरी साहू, उपसरपंच यतीश साहू, पंच लेखराज साहू, हीरामन साहू, परस निषाद, भुनेश्वर, कृष्णा साहू, लेखराम, परमिला, नोमिन, किरण, शैलेन्द्री, ओमप्रकाश, मिरन, रविना, महाबाई, रेणुका, टेमिन बाई सहित ग्रामीण चंद्रभान साहू, रूपेश साहू, नरेश, पीतांबर, रीखीराम, नरेश, रूपेश निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लूट का विरोध करने पर कैंची से हमला, दो गिरफ्तार, तीसरा फरार

**भिलाई।** लूट की वारदात को अंजाम देने कैची से प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों पुलिस ने पकड़ा। घटना में सहयोग करने वाला एक आरोपी फरार है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 311 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 27 मई को मोहित कोल अपने छोटे भाई रोहित कोल के साथ बाइक से जामगांव एम के देशी शराब भट्ठी गया था थे। शराब लेकर घर लौटते समय बाइक की चेन टुटने पर छोटा भाई उसे ढकेलते दोनों आ रहे थे। इस दौरान मुरूम खदान भाठागांव कापसी के पास पुलिया में बैठ गया। छोटा भाई बाइक लेकर आगे निकल गया। शराब भट्ठी जामगांव की ओर से लाल काला रंग के स्कूटी में तीन लोग सवार होकर पहुंचे। मोहित का मोबाइल को लूटने लगे जिसका विरोध करने पर दूसरा युवक हाथ पकड़ लिया। मोबाइल लूटने की कोशिश कर आरोपी अपने पेंट के जेब से चाकू जैसे धारदार हथियार निकालकर पेट हमला कर दिया। उसके बाद बायें तरफ कमर के उपर चाकू जैसे धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर लूटपाट के मौके से फरार हो गए।

**प्रशिक्षण : नगर के विभिन्न क्षेत्रों पर जाकर लिया प्रशिक्षण**

# आरएसएस के शिक्षा वर्ग में योग, श्रम साधना और बौद्धिक सत्र में विविध कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग (विशेष)बालोद का समापन 1जून को सरस्वती शिशु मंदिर बालोद में सम्पन्न हुआ। वर्ग कार्यवाह घनश्याम साहू ने बताया कि यह वर्ग 17 मई दोपहर भोजन के पूर्व सभी शिक्षार्थियों के सरस्वती शिशु मंदिर बालोद में आगमन से प्रारंभ हुआ। यह वर्ग पूर्णतः आवासीय है। इस वर्ग में पहले दिन ही सभी शिक्षार्थियों को मोबाइल जमा किया गया ताकि साधना ठीक से हो सके। इस वर्ग की दिनचर्या सुबह 4:30 में जागरण से प्रारंभ होकर रात्रि 10 बजे तक दीप निर्माण तक रही। प्रातः 70 मिनट का संघ स्थान एवं स्वयं 60 मिनट का संघ स्थान रहा जिसमें शाखा लगाने से लेकर विविध शारीरिक कार्यक्रम, आचार विभाग एवं समता आदि का प्रशिक्षण रहा।

आवासीय परिसर में सुबह एकात्मता, योग, प्राणायाम, श्रम साधना, चर्चा, संवाद, अभ्यास बौद्धिक सत्र स्वाध्याय सत्र, रात्रि कालीन विविध कार्यक्रम हुए। देश, समाज, धर्म संस्कृति, हिंदुत्व, राष्ट्रीयता सेवा, संपर्क, प्रचार गौ सेवा, धर्म जागरण, ग्राम विकास, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण गतिविधियों पर विस्तार से मार्गदर्शन किया गया। बीच में 5 दिन सभी शिक्षार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के नगर और आस पास के क्षेत्र में भी प्रत्यक्ष ले जाकर प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षार्थियों के विकास, दक्षता एवं क्षमता वृद्धि के प्रत्येक आयाम पर सूक्ष्मता और वैज्ञानिक पद्धति से ध्यान दिया गया। इस वर्ग में 34 जिले, 54 खंड, नगर, 63 बस्ती, मंडल, 130 स्थान से कुल 174 शिक्षाथऍं सम्मिलित हुए, जिसमें प्राध्यापक शिक्षक 70, डॉक्टर इंजीनियर अधिवक्ता 13, अन्य शासकीय कर्मचारी 22, कृषक 22, व्यवसायी 47 सम्मिलित हैं। इस वर्ग को सफल बनाने के लिए शिक्षक 14, प्रबंधक 21, संचालन टोली के 15 सदस्य एवं स्थानीय कार्यकर्ता व्यवस्था की –ष्टि से पूर्ण समय वर्ग स्थान में उपस्थित रहे। वर्ग सुव्यवस्थित एवं उत्तम वातावरण में संपन्न हुआ। वर्ग में 2 अखिल भारतीय अधिकारी, क्षेत्र के 3, प्रांत के 13, विभाग के 6 अधिकारियों को सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सर्वव्यवस्था प्रमुख राजेश्वर राव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। दीक्षांत समारोह के वक्ता क्षेत्र प्रचारक प्रमुख केंद्र जबलपुर शिवराम समदरिया रहे।

कार्य की सफलता के लिए गुरु के वचनों पर श्रद्धा और विश्वास रखना चाहिए, श्रद्धा और विश्वास रखने से कार्य करने की शक्ति आती है। 1939 – 40 में कोई भारत को, हिंदू समाज को संगठित राष्ट्र के रूप में एक राष्ट्र बनाने के लिए संगठन करने की बात कर रहा है तो कोई सुनने को तैयार नहीं होता था, उस समय देश के लिए काम करने का मतलब होता था, देश के लिए बलिदान करना, देश के लिए अपना सब कुछ निछावर करना, उस समय संगठन की बात पागलपन मानी जाती थी। इसीलिए दत्तोपंत जी ठेंगड़ी ने कहा हम पागल है और हमें पागल ही रहने दो । उपरोक्त बातें कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवराम समदरिया ने अपने उद्बोधन में सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा। उपरोक्त जानकारी संघ के प्रचार प्रमुख रेवा राम मानिकपुरी ने प्रदान की। वर्ग में स्थानीय कार्यकर्ता विनोद साहू, संतोष साहू, जितेंद्र भाई, निर्मल, रूपेंद्र, योगेश्वर उपस्थित थे।

# ब्लॉक मनरेगा मेट संघ की बैठक आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौण्डीलोहारा

ब्लॉक मनरेगा मेट संघ पंजीयन क्रमांक 23196/12 डौण्डीलोहारा की मासिक बैठक दिनांक 2 जून को स्थानीय मां दंतेश्वरी प्रांगण में रखी गयी है जिसमें मेंट साथियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे एवं जिस जिस पंचायत में समस्या है वह अपनी समस्या लेकर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवे और जो मेट साथी संघ में जुड़ नहीं पाये है वे अपने निर्धारित शुल्क जमा कर संघ में जुड़े और अपनी समस्या का समाधान संघ के माध्यम से करें,जहां-जहां कार्य चल रहा है वहां के मेट साथियों को सादर निवेदन कि आप लोग अपना भुगतान मेट वाउचर से ही लेवें कोई कोई पंचायतों में सरपंच की मनमानी के चलते हमारे प्रशिक्षित मेट साथियों को बिना कारण निष्कासित किया जा रहा है और खुद अपने पंचों के माध्यम से मनरेगा का कार्य संचालित कर रहे हैं ऐसे पंचायत को जनपद सीईओ के माध्यम से नोटिस जारी करवाया जाएगा एवं पुराने मेट साथियों को बिना कारण से नहीं निकल जाए इसका भी ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा वहीं पंचायत में अभी हाल ही में आवास सर्वे के कार्य के लिए मेट साथियों को बिना मजदूरी भुगतान के कार्य में लगाया गया था जिन्होंने पूरे ईमानदारी से कार्य कियाऔर मोबाइल मार्केटिंग का भी कार्य अपने ही संसाधन से मेट साथी करते हैं फिर भी कोई कोई पंचायत में मनमानी का असर दिखाई दे रहा है तो मेट साथियों से निवेदन कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से छग के 155 शिक्षक और शिक्षिकाएं सम्मानित



**बालोद।** नवाचारी गतिविधियाँ समूह भारत जो देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं सबसे बड़ा स्व–प्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह है, इसके छत्तीसगढ़ टीम द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह 2024–25 का आयोजन 29 मई को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर सह एससीईआरटी मे आयोजित हुआ। जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ से 155 शिक्षक, शिक्षिकाओ का सम्मान हुआ।

इस कार्यक्रम मे अतिथि अपर संचालक एससीईआरटी जे.पी. रथ, सहायक संचालक एससीईआरटी डॉ. बी. रघु, डाइट प्राचार्य बीएल. देवांगन, डाइट रायपुर डॉ.एसके जैन, डाइट रायपुर केके साहू, समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थति थे। कार्यक्रम में बालोद जिला के विकासखंड बालोद से चोवाराम देवांगन, विकास खण्ड गुरुर से संतोष कुमार डाहरे, विकास खण्ड डौंडी से अजय सिंह, विकास खण्ड डौंडी लोहारा से अजय कुमार पाठक, विकास खण्ड गुडरदेही से जितेंद्र कुमार साहू व प्लास्टिक लिट्रेसी के लिए कन्हैया लाल को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मेमोंटो, पेन भेंट कर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया. साथ ही कार्यक्रम मे सतत सहयोग के लिए पवन कुमार कुम्भकार माध्यमिक शाला कोहंगाटोला बालोद को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित अन्य राज्यों के शिक्षकों को डाक पते पर पुरूस्कार सामग्री पोस्ट की जायेगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी सहित बालोद जिला टीम से पवन कुमार कुम्भकार, प्रतिभा त्रिपाठी, रिपुसूदन साकार, द्रोण सार्वा, योगेश चन्द्राकर, यशवंत चन्द्राकर व मुनमुन सिन्हा आदि का सतत सहयोग प्राप्त हुआ।

इस समूह से जुड़े सभी टीम मेबर शासकीय विद्यालय मे पदस्थ शिक्षक है जो सरकारी विद्यालय मे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए आपस मे जुड़कर अतिरिक्त प्रयास कर रहे है, ये 2017 से लगातार प्रयासरत है एवं पिछले 4 वर्षो से लगातार इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है. इस कार्यक्रम की पूरी योजना, क्रियान्वयन, संचालन एवं समस्त व्यय इन शिक्षको द्वारा ही किया जाता रहा है।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर जनसंपर्क अभियान 9 से 21 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



भारतीय जनता पाटऍं ने मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर जनसंपर्क अभियान संकल्प से सिद्धि तक शुरू करने जा रही है, यह अभियान 9 जून से 21 जून तक चलेगा, जिसमें मोदी सरकार की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाया जाएगा। मोदी सरकार द्वारा 2014 में लिए संकल्प 2025 तक पूरे होते नजर आ रहे हैं, दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था, ऑपरेशन सिंदूर के सैन्य पराक्रम, विश्व पर्यावरण दिवस, आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम सहित सभी वर्गों को स्पर्श करती जन कल्याण कारी योजनाओं की उपलब्धियो को जानता तक पहुंचाने विशेष कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला एवं मंडल स्तर तक संयोजक व सदस्यों की टोली बनाई गई है, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख द्वारा इस अभियान के लिए जिला टोली हेतु जिला संयोजक जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव एवं जिला सदस्य उपाध्यक्ष ठाकुर रामचंद्राकार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित पीमन साहू, आईटी सेल प्रदेश सदस्य हरीश कटझरे सहित जिले के समस्त 17 मंडलों में क्रमशः संयोजक एवं मंडल टोली के अंतर्गत बालोद मंडल नरेंद्र सोनवानी, कमलेश गौतम, राकेश बाफना, जुंगेरा मंडल विकास साहू दानेश्वर मिश्रा, संतोष साहू, करहीभदर मंडल मनीष झा, प्रदीप साहू, संजय साहू, गुरुर मंडल धर्मेंद्र साहू, लिखेश्वर साहू, ताम्रध्वज यादव मिरऍंटोला मंडल त्रिलोकी साहू, मेहत्तर नेताम, राकेश सिन्हा, सनौद मंडल भुवन लाल साहू, ललित गजेंद्र, ढंगुराम हिरवानी, डौंडी लोहारा मंडल धर्मेंद्र निषाद, प्रीतम साहू, दुलार सिंह, रेंगाडबरी मंडल टोमन टेकाम, अमीर दास किरसाने, लोकेश कुमार रावटे, डौंडी मंडल राम नारायण धनकर, अजय चौहान, ज्ञानेश्वर प्रसाद साहू, कुसुम कसा मंडल मितेंद्र वैष्णव, गोपाल साहू, शिवराम सिन्द्रामे, दल्ली राजहरा मंडल राकेश देवांगन, समर्थ लखानी, भूपेंद्र श्रीवास, गुण्डरदेही मंडल विनोद चंद्राकर, विकास जैन, लक्ष्मीकांत साहू, सिकोसा मंडल लेख राम साहू, महेश महिलवार, अश्वनी कटहरे, ओटेबंद मंडल हेमंत साहू, कौशल किशोर साहू, प्रमोद पटेल, अर्जुंदा मंडल पंकज चौधरी, छबीलाल कोर्राम, हरिश साहू, सूरेगांव मंडल हेमंत साहू, शोभित यादव, ओमप्रकाश सोनबरसा, देवरी मंडल रामलाल नायक, जागृत देवांगन, मिथिलेश तिवारी रहेगे।

# पाटेश्वर आश्रम में माता कौशल्या की एक करोड़ की प्रतिमा होगी स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ श्री जामड़ी पाटेश्वर धाम के संत श्री राम बालक दास जी ने रविवार को उज्जैन में बाबा महाकालेश्वर का दर्शन कर पूजन किया साथ ही यहां पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2026 में जब गोद में रामलला को लेकर छत्तीसगढ़ की बेटी राजरानी मां कौशल्या की एक करोड़ की लागत से बनने वाली प्रतिमा बालोद जिला के पाटेश्वर आश्रम में स्थापित होगी तो संपूर्ण विश्व छत्तीसगढ़ में तीर्थ यात्रा करने के लिए आएंगे और विश्व के प्रथम माँ कौशल्या धाम का दर्शन करके अपने भाग्य की सराहना करेंगे,इस अवसर पर उज्जैन महाकाल के पुजारी श्री संजय महाराज ने कहा कि विगत 25 वर्षों से हम श्री राम बालक दास जी को जानते हैं जिन्होंने भागीरथी प्रयास करके जो विश्व के किसी संत ने नहीं सोचा वह सोचकर अपनी मातृभूमि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या के दिव्य 25 करोड़ की लागत से मंदिर के निर्माण का संकल्प किया हम बाबा महाकाल के आशीर्वाद की कामना करते हैं कि 2026 में संत श्री के संकल्प को पूर्ण करने में वह सहायक बने साथ ही उज्जैन महाकालेश्वर पीठ की तरफ से संस्थान के प्रतिनिधि गण माँ कौशल्या धाम की स्थापना में आने का आश्वासन भी दिए।

# टेनिस क्रिकेट स्पर्धा के विजेता पुरस्कृत



**गुरूर।** छः दिवसीय छग राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता कंवर के गढिया बाबा स्टेडियम में आयोजित किया गया था। जहां प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम 1 लाख रूपये, द्वितीय स्थान 50 हजार रूपये, तृतीय स्थान 25 हजार रूपये, चतुर्थ स्थान 10 हजार रूपये, पंचम 8 हजार रूपये सभी टीम को अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य चद्रिरका गंजीर, संजय साहू, ढंगु राम हिरवानी, घना राम जेठमल, चौकी प्रभारी लता तिवारी, त्रिलोकी गजपाल, जागेशवर साहू, केशव बंधु, नवीन पटेल, दौलत पटेल, कुंज लाल कोटवार, जितेन्द्र तारक, राहूल सोनी, घनश्याम साहू, गणेशवर साहू, सौम्य यादव, महेन्द्र कोटेगले सहित विभिन्न जिलों से खिलाडी गण एवं ग्राम वासी गण बडी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण की नीति के तहत आज काउंसिलिंग, शिक्षकों ने करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जा रहे युक्तियुक्तकरण की निति के खिलाफ बालोद जिले के सैकड़ो शिक्षको ने सरदार पटेल मैदान बालोद मे एकत्र होकर इसका विरोध किया तथा 2 जून के काउसलिंग का पूर्णतः बहिष्कार करने का निर्णय लिया। वही 2 जून को जब युक्तियुक्तकरण काउंसलिं का पहला दिन तय किया गया है वही दूसरी ओर शिक्षक समुदाय सड़क पर उतर कर इसका बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

वही शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय निर्देश पर शिक्षक साझा मंच बालोद द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 2 मई सोमवार को बालोद जिले के अतिशेष शिक्षकों के हो रहे काऊंसिलिंग का बहिष्कार व विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध तथा चार सूत्रीय मांगों के लिए जिला पंचायत बालोद के पास सुबह 9 बजे उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जहां एक ओर शासन ने 4 जून तक जिले मे युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये है, वही दूसरी ओर शिक्षक संगठनो का आरोप है कि आज तक न तो अति"शेष शिक्षको की स्पष्ट सूची जारी हुई है और न ही रिक्त पदो की कोई जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

जिला संचालक देवेन्द्र हरमुख ने कहा यह युक्तियुक्तकरण नही शिक्षको की संख्या मे कटौती है, सरकार दो शिक्षको से पांच कक्षाएं पढ़ावाना चाहती है, यह शिक्षा व्यवस्था के साथ क्रूर मजाक है, उन्होने बताया कि सरकार की योजना के अनुसार हर प्राथमिक शाला से एक शिक्षक पद कम किया जा रहा है, जिससे अधिकांश स्कूल दो शिक्षक तक सीमित रह जाएंगे। बालवाड़ी को भी प्राथमिक शाला मे जोड़ने के बावजूद अलग शिक्षक का प्रावधान नही किया गया है। इस आंदोलन मे संकुल समन्वयक संघ ने भी निर्णायक हस्ताक्षेप किया है, संकुल समन्वयक अध्यक्ष संदीप दुबे ने घोशणा की कि हम युक्तियुक्तकरण की इस अव्यवहारिक नीति का विरोध करते है, शासन के किसी भी आदेश का संप्रेशण हम नही करेंगे। सभी पांचो विकासखण्डो के संकुल समन्वयको ने यह प्रस्ताव पारित किया कि वे शिक्षक विरोधी इस प्रक्रिया को आगे नही बढ़ाएंगे।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति–कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 13 .05 .2025

श्री बालक दास सतनामी आत्मज श्री इन्द्रासन सतनामी उम्र–26 वर्ष निवासी ग्राम सारधा (खेकसाही) पो. सेंवार थाना चकरभाठा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी नंदनी आत्मजा श्री जागेश्वर उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नवागांव (डुडेरा) थाना व तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद छ. ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा–5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 19 .06 .2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



बालक दास सतनामी     नंदनी

(आर.ए. कुरूवंशी)
विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

## पेज 11 के शेष

### दो बिजली पोल वायर समेत ...

हवाला देते हुए फसल कटने के बाद इन खेतो मे गिरे वायर सहित खंभो की मरम्मत की बात कही थी लेकिन वर्तमान मे किसानो द्वारा जैसे तैसे फसल की कटाई खेतो मे गिरे खंभो व वायर रहने के बाद कर चुके है जहां फसल कटाई के बाद भी बिजली विभाग द्वारा खेतो मे गिरे खंभे व वायर की मरम्मत नही की जा रही है।

### चंद्रनाहूं कुर्मी समाज परिश्रम ...

कृषि कार्य से जुड़े हैं। प्रदेश सरकार किसान भाईयों के चेहरों पर खुशी हमेशा देखना चाहती है। सरकार लगातार किसान भाईयों की बेहतरीन के लिए कार्य कर रही है। इस समय विकसित कृषि संकल्प अभियान छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में 29 मई से 12 जून 2025 तक चल रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों को किसानों से सीधे जोड़ना और नई कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं तथा सफल कृषि मॉडलों की जानकारी देना है। कृषि वैज्ञानिकों के 100 समूह छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में किसानों से कार्यक्रमों के माध्यम से संवाद कर रहे हैं। ये वैज्ञानिक किसानों को आर्गेनिक खेती, खाद और स्वाइल हेल्थ कार्ड के सही उपयोग के बारे में जागरूक रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ का हर किसान तकनीकी रूप से सक्षम हो और उनकी आय में वृद्धि हो।

### डिजिटल व्यवस्था की ...

समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम को विधायक श्री अजय चन्द्राकर एवं श्री ललित चन्द्राकर और बीज विकास निगम के अध्यक्ष श्री चन्द्रहास चन्द्राकर ने भी सम्बोधित किया। चन्द्रनाहू क्षत्रीय कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री विनोद चन्द्राकर ने स्वागत उद्बोधन में केन्द्रीय महाविधवेशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### निषाद समाज के वार्षिक ...

: विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर। अध्यक्ष, अ. पि. व. आयोग नेहरु राम निषाद। अध्यक्ष, राष्ट्रीय समन्वय समिति बाबा मार्तण्ड । युवा अध्यक्ष, राष्ट्रीय समन्वय समिति नीरज कश्यप। संयोजक, राष्ट्रीय समन्वय समिति राजाराम कश्यप । पूर्व अध्यक्ष, मछुआ कल्याण बोर्ड एम आर निषाद।

अध्यक्ष जिला भाजपा संगठन बालोद चेतन देशमुख। अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणि पुष्पेन्द्र चंद्राकर। जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर। अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर। जनपद सदस्य नेम चुम्मन साहू। सरपंच ग्राम पंचायत भिलाई परस निषाद। ( अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद)राजेन्द्र कुमार निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष तोरण पारकर एवं समस्त जिला पदाधिकारीगण समस्त परिक्षेत्र अध्यक्षगण निषाद समाज सदस्य गण उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार निषाद ने दी।

### गौ सेवकों ने नियमित ...

साहू, विनोद देवांगन, रायगढ़ से युवराज चौधरी, कोरबा से मनोज भारद्वाज, मुंगेली से पुष्पकांत शर्मा, जांजगीर से प्रेमलाल दिनकर, धमतरी से तिजेंद्र साहू, राजनांदगांव से धर्मेश साहू, बेमेतरा से कमल किशोर पांडे इन सभी ने मुख्यमंत्री और महाराज से मुलाकात किया।

### बैंक अधिकारी से पांच ...

नकदी थी जो ग्रामीणो की तत्परता से लूटने से बच गई। मौके पर बड़ी संख्या मे लोग जमा हो गए जिससे हमलावर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही अर्जुन्दा पुलिस सक्रिय हुई और यज्ञदत्त साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियो के खिलाफ धारा 294, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश जारी है।

### धान व कपास समेत 14 खरीफ ...

से खरीद रही है और दो साल का बोनस दिया। केंद्र सरकार के साथ–साथ राज्य की विष्णु देव साय जी के सुशासन में कृषक के उन्नति एवं तरक्की के लिए विभिन्न योजनाओ से आज गांव की तस्वीर बदली है क्षेत्र के कृषक उन्नत एवं संपन्न होते जा रहे है।

### मोदी जी के नेतृत्व में कृषि ...

गया है। गेहूँ में 2 लाख करोड रुपए का भुगतान कांग्रेस सरकार ने किया था, मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 5.30 लाख करोड़ रु का भुगतान किया है। किसानों के डेढ़ लाख करोड़ रुपए के बीमा के सेटलमेंट हुए हैं। इसके साथ–ही–साथ 1,389 मण्डियाँ ई–नाम से जुड़ी हैं, उर्वरक की सब्सिडी में 500 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भाजपानीत राजग की केंद्र और प्रदेश की साय सरकार के कार्यकाल में किसानों का जो विकास हुआ है, सारे आँकड़े इसकी प्रामाणिकता को स्वयं ही सिद्ध कर रहे हैं।

### सात साल से निर्माणाधीन ...

सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है इंजीनियर की लापरवाही व विभाग की कमजोरी के कारण गांव का विकास रुका हुआ है उक्त व्यक्ति मनोहर साहू को उचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उनका मुआवजा तीन बार बढ़ाया गया है फिर भी बिना कोई माप दंड के कार्य को संपादित किया जा रहा है इसमें इंजीनियर कमीशन ले कर एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए सड़क व नाली निर्माण की चौड़ाई को कम कर दिया गया है जिसकी शिकायत जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष श्री पुरूषोतम चंद्राकर,सिरसिदा सरपंच श्रीमती सरस्वती चंद्राकर ,उपसरपंच श्रीमती दामिनी चंद्राकर ने अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती प्रतिमा ठाकरे को सुशासन तिहार के अवसर पर अवगत कराया गया था जिसमें अनुविभागीय दंडाधिकारी के द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को उचित कारवाही के लिए दिशा निर्देशित किया गया था किंतु फिर भी इंजीनियर की लापरवाही व कार्य को बिना कोई माप दण्ड के किया जाना सामने नजर आता हैं। ग्रामीण शिकायत कर्ता अक्षय, प्रहलाद, राजकुमार, विकास,सौरभ सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण के तहत बालोद ...

प्रधानपाठकों के अलावा ई संवर्ग के 01, माध्यमिक शालाओं के प्रधानपाठकों को युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इसी तरह ई संवर्ग के 72 एवं टी संवर्ग के 21 व्याख्याताओं को भी युक्तियुक्तकरण के तहत चिन्हांकित किया गया है। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के युक्तियुक्तकरण के चिन्हांकित सभी शिक्षकों को काउंसलिंग हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

खबर संक्षेप



## लकड़ी भरा बेकाबू ट्रक पलटा, दो हुए घायल

**डौंडीलोहारा।** शनिवार को सुबह लगभग दस बजे वनांचल के ग्राम पुनारकसा में एक लकड़ी से भरी लोडेड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई।जिससे वाहन चालक व साथ मे बैठे दो अन्य घायल हो गए।एक घायल को ज़्यादा चोट लगने के कारण नगर के शा अस्पताल लाया गया जहाँ प्रायमरी ट्रीटमेंट के बाद उसे मेडिकल कालेज राजनांदगांव रिफर किया गया।मंगचुआ थाना प्रभारी बीजू डेनियल ने बताया कि ट्रक में महाराष्ट्र से लकड़ी भरकर रायपुर ले जा रहे थे कि ग्राम पुनारकसा के पास तेज खतरनाक व लापवाही पूर्वक चलाते हुए वाहन चालक के नियंत्रण से बाहर हो गया व वही रोड पर एक साइड पलट गया।जिससे वाहन चालक राकेश साहू ग्राम चिलमगोटा 38 वर्ष, व ट्रक में सवार अन्य सतानन्द शर्मा 33 व कुलदीप सागर 39 दोनों ग्राम रेंगाडबरी निवासी घायल हो गए।सतानन्द शर्मा के अंदरूनी चोट के कारण उन्हें हायर सेंटर रिफर किया गया।वाहन चालक राकेश साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच विवेचना में लिया गया है।

## ब्लाक ठेकेदार संघ के अध्यक्ष बने तांतेड़

**डौंडीलोहारा** । ब्लॉक कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन डौंडीलोहारा की बैठक संबलपुर स्थित विश्राम गृह में आयोजित की गयी ,आयोजित



बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों ने अपने-अपने विचार साझा किये तथा ठेकेदारों को होने वाली परेशानियों से अवगत हुए,पंजीकृत ठेकेदारों ने सर्वसम्मति से ब्लाक कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के लिए पदाधिकारियों का नियुक्ति किए जिसमें संरक्षकगण राधेश्याम देवांगन, बलराम गुप्ता,प्रमुख सलाहकार पावन देवांगन,जिला प्रतिनिधी नरेश साहू,अध्यक्ष महावीर तातेड, उपाध्यक्ष रूपेश सिंन्हा, सचिव भीखम विनायक, कोषाध्यक्ष प्रतीक जैनसह सचिव श्याम साहू,कार्यकारिणी सदस्य अजय ठाकुर,सिद्धांत डोसी,अंश ठाकुर,नीरज शर्मा,भूपेंद्र देशमुख का मनोयनन किया गया। साथ ही ठेकेदारों के हित में कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### निधन

## श्यामलाल मेश्राम

**बालोद।** निकुम भाटापारा निवासी



74 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक गायत्री प्रज्ञापीठ निकुम के प्रमुख सदस्य श्यामलाल मेश्राम का निधन हो गया है। जिसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम निकुम मुक्ति धाम में किया गया। वे व्यवसायी भीष्म मेश्राम के पिता थे।

# मरकाटोला मार्ग की मरम्मत गुणवत्ताविहीन, मुरुम की जगह मिट्टी फिलिंग से बढ़े हादसे

### मरम्मत कार्य में लापरवाही उजागर पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मरकाटोला मोड़ से लेनकसा तक किए जा रहे मरम्मत कार्य में संबंधित ठेकेदार द्वारा भर्राशाही कर गुणवत्ताहीन काम करने की वजह से यह सड़क निर्माण काल के दौरान ही कई जगह से उखड़ने लगी है। वही साइड सोल्डर में मुरुम की जगह मिट्टी डाला जा रहा है वही निर्माण कार्य के दौरान आम लोगों की जानकारी के लिए लगाए जाने वाले सूचना पटल भी गायब है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लाखों रुपए की लागत से मरकाटोला मोड़ से लेनकसा तक 8 किलोमीटर वाली सड़क मे मरम्मत कार्य तहत डामरीकरण तथा सीसी रोड और साइट सोल्डर का कार्य होना था बस्ती के अंदर से गुजरने



### लगातार हो रहे हादसे

वही सड़क के दोनों साइड गड्ढे होने से लोगों के गिरने की भी दिक्कत है दो आमने-सामने से गाड़ियां आने पर साइड देने परेशानी होती हो रही है मरकाटोला के उप सरपंच किशोर साहू ग्रामीण जगमोहन देवहारी जौहरीत कोरटिया नारद साहू ने बताया कि करीब 2 महीना पहले ही यह कार्य प्रारंभ हुआ है ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में भारी लापरवाही किया जा रहा है और डामर वाली हाट मिक्स को फैलाने के बाद उसमें रोलर भी नहीं चलाया जगह-जगह से रोड ऊपर नीचे है इसके अलावा कई जगह से डामर की सड़क उखड़ रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा छुपाने का प्रयास के तहत कई जगह पर पैच वर्क भी किया जा रहा है।

वाली सीसी सड़क बनाया गया लेकिन मुरुम नही डालने की वजह से लोग लोगों को अपने घरों से निकलने में तकलीफ हो रही है। उरझे गांव के सरपंच अमीना सलाम पंच तुलसी नेताम ग्रामीण रूपचंद सलामे मेलन सिंह सलामे ने बताया की मरम्मत कार्य के तहत उनके गांव में सीसी रोड का निर्माण तो किया गया है परंतु उसमें मुरुम नहीं डालने की वजह से लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने में तकलीफ हो रही है इसके अलावा कई बार बाइक और साइकिल सवार की भी गिरने की संभावना होती है आमने-सामने से दो गाड़ी वह आने पर क्रॉसिंग साइड देने में भी तकलीफ हो रही है इसके अलावा यह सड़क कितने रुपए की लागत से हो बन रह यह सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे सरकारी कार्य की जानकारी ग्रामीणो को नही है

### खेत से बाजार तक छत्तीसगढ़ में श्री अन्न (मिलेट्स) की आपूर्ति श्रृंखला पर हुई कार्यशाला

# कोदो-कुटकी व रागी की खेती को बढ़ावा देने के लिए 500 हेक्टेयर का लक्ष्य घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, रायपुर के प्रोफेसर मनीष कुमार पाण्डेय के संयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग द्वारा प्रायोजित खेत से बाजार तकः छत्तीसगढ़ में श्री अन्न की आपूर्ति श्रृंखला पर एक दिवसीय कार्यशाला का हाल ही में किया गया। जी. एस .ध्रुवे उपसंचालक कृषि बालोद ने कहा कि विकासखंड डौंडी में मिलेट्स फसल के लिए अति उत्तम वातावरण तथा अच्छी भरीभूमि होने से पूरे जिले में सबसे ज्यादा संभावनाएं है और विगत वर्ष डौंडी में 209 हे. में कोदो, कुटकी, रागी की खेती की गई थी। इस वर्ष जिले को 500 हे. का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यहां पर कृषकों द्वारा प्राचीन समय से ही इसकी खेती की जा रही है जिसे एक अच्छे बाजार की तलाश है।

**सेहत के लिए उत्तम अनाजः** डी डी मंडले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौंडी ने कहा कि इसे पुराने लोगों द्वारा उत्पादन और सेवन किया जाता रहा है स्वयं भी इसके सेवन करने की बात कही और इसके अच्छे पोषक गुणों के कारण पुराने लोग कम बीमार पड़ते थे और स्वस्थ रहते थे। आज इसके गुणों के प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र, बालोद के निदेशक डॉ. के आर साहू ने किसानों से बात करते हुए उन्हें बीज शोधन की पारम्परिक तरीकों को समझाते हुए श्री अन्न के अधिक उत्पादन के पद्धतियों पर प्रकाश डाला। श्रीरावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के





प्रोफेसर मनीष कुमार पांडेय ने आज के कार्यक्रम की रूपरेखा तथा इसकी आवश्यकता के विषय में बताते हुए कहा कि हम लोग नीति आयोग के लिए शोध करने आए हैं जिससे कि छत्तीसगढ़ में श्री अन्न की आपूर्ति श्रृंखला अच्छी हो जाए और मिलेट्स की कीमतों के अंतर को व्यवस्थित किया जा सके, विस्तार से समझाया।

आरती वानकर एम. ओ.आर. डी. के द्वारा आए हुए सभी उत्पादक कृषकों, कृषक उत्पादक संगठन और जनप्रतिनिधियों को इस आपूर्ति श्रृंखला में आ रही समस्याओं के बारे में सभी पूछा गया तथा सभी के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। उन्होंने इस मिलेट्स आपूर्ति में कृषक उत्पादक संगठन की भूमिका को स्पष्ट किया। उन्हें विकसित होने के बहुत सारे टिप्स भी दिया गया। किसानों को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया तथा मिलेट कैफे खोलने के प्रक्रिया के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया।

### मोटा अनाज लाभदायी

डॉ. अंजलि यादव एच ओ डी समाजशास्त्र द्वारा मोटे अनाज को एक पोषक, कम पानी में उगने वाली और जलवायु अनुकूल फसल बताया।सरकार की 'मोटा अनाज मिशन', और स्थानीय एफपीओ की भूमिका इस श्रृंखला को मजबूत बना रही है। अगर हम मिलकर प्रयास करें, तो मिलेट्स न सिर्फ पोषण देगा, बल्कि किसानों की आमदनी भी बढ़ाएगा। मुकेश अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडी ने इस कार्यक्रम की भूरी भूरी सराहना की तथा इस कार्यशाला का भरपूर लाभ लेने किसानों को प्रेरित किया गया।

### मिलेट्स के महत्व को बताया

भोला राम नेताम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडी ने उपस्थित लोगों को मिलेट्स के महत्व को बताया तथा स्वयं भी अपने खेतों में उगाने की बात कही। पूर्वजों द्वारा भी इसकी खेती करने और उपयोग करने के बारे जानकारी दी गई। मिथलेश निरोटी सदस्य जिला पंचायत बालोद ने उपस्थित कृषकों को उन्नत खेती करने की सलाह दी गई और ऐसे कार्यशाला किसानों के लिए आयोजित होते रहे जिससे किसानों का तकनीकी जान बढ़ता रहे। रायपुर से आए सभी स्टॉफ को उन्होंने धन्यवाद देते हुए उनकी प्रशंसा की।

**कोदो बीज उपलब्ध कराया जाता हैः** पवन कुमार यदु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डौंडी ने कहा कि विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत कोदो का बीज किसानों को उपलब्ध कराया जाता है। इस वर्ष भी इसका लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिन कृषकों के पास खाली जमीन है वहां पर इसकी खेती आसानी से की जा सकती है। आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद देते हुए इस कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में उक्त अतिथियों के अलावा जनपद सभागार डौंडी में श्री तुलेश्वर हिचामी, सुश्री साधना सोरी, आशा आर्य, रत्ना हिरवानी जनपद सदस्य, कृषि विभाग से सी.एल.हिरवानी, राकेश नायक, राजेश ठाकुर,प्रमिला ठाकुर, इंद्रौतिन तारम तथा पूरे जिले से 150 कृषक उपस्थित रहे।

## जीते हैं इसलिए खेलते नहीं, खेलते हैं इसलिए जीते हैं : टिकेश्वरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिला कबड्डी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख ने विगत दिनों ग्राम भरदा मैं आयोजित कबड्डी स्पर्धा में कहा कि जीते हैं इसलिए नहीं खेलते, खेलते हैं इसलिए जीते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अंग है , और अगर हमारे जीवन में खेल नहीं होगा तो हम जी नहीं पाएंगे ।और उन्होंने कहा कि यह हमारी संस्कृति, सभ्यता, परंपरा से जुड़ी हुई है, इसलिए यह हमारे संस्कार में बसा हुआ है इसलिए यह जीवन के लिए सदुपयोगी है क्योंकि खेल कला साहित्य हमारे जीवन का अंग होता है ,और वही अंग इस आयोजन से जुड़ी हुआ है।

साथ ही साथ हमने लंबे समय से खिलाड़ियों को ग्रामीण स्तर पर ,कबड्डी खिलाड़ियों ने जो अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जो पहचान बनाई है वह ग्राम भरदा की पहचान है। न्यू शिवाजी क्रीड़ा मंडल भरदा द्वारा यह कबड्डी स्पर्धा जहां पर छत्तीसगढ़ की लगभग 70 टीम आई और बाहर से भी जैसे आंध्र प्रदेश , महाराष्ट्र ,गुजरात ,पंजाब की टीम आई और यहां से अच्छे-अच्छे खिलाड़ी निकाल कर गए हैं हम उनको यह संदेश देते हैं कि ऐसे ही बेहतर प्रदर्शन करें और हमारे नेशनल जूनियर ,सीनियर जितने भी आयोजन हैं उसमें अपनी भागीदारी निभाए । इस अवसर पर तमाम क्षेत्र के खिलाड़ी गन, हमारे जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारी मौजूद होकर इस चीज को और मजबूत बना रहे है,उसके लिए हम बधाई देते हैं ,साथ-साथ इस दिशा में हमारे आसपास के जो क्षेत्रवासी हैं, सीनियर खिलाड़ी है, सभी क्लब के सदस्य, ग्रामवासी शो के लिए हमारे साथ थे, जिसके लिए मैं सबको धन्यवाद देता हूं। इस स्पर्धा में प्रथम - भरदा, द्वितीय- भेड़सर ,तृतीय - बीजेभाठा और चतुर्थ -अर्जुनी की टीम रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता ग्राम पंचायत भरदा की सरपंच श्रीमती सुनीता भारतीय ने की ,तथा पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय एवं पोषण ठाकुर योगेंद्र भारदीय, शुभम देशमुख ,गिरधर यादव, सोन सिंह यादव भोमराज भारतीय युवराज यादव,अशोक देशमुख, विशाल देशमुख ,गोकुल देशमुख ,पूर्वी देशमुख एवं शिवाजी क्रीड़ा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुण्डरदेही में गायत्री परिवार का पांच दिवसीय युवा शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलंगपुर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में बालोद जिला के प्रत्येक ब्लॉक में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया है, जिसके अंतिम पड़ाव में विकासखंड गुण्डरदेही में 1 जून से 5 जून तक यह व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर साहू सदन गुण्डरदेही में आयोजित की गई है।

जिसमें ब्लॉक समन्वयक चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, देवी प्रसाद देशमुख, टोली नायक, मिलन सिन्हा, भारतीय संस्कृति सामान्य ज्ञान परीक्षा के संयोजक जिला बालोद से ऊप टोली नायक वीरेंद्र साहू, डफली प्रशिक्षक चेमनलाल साहू, महिला प्रकोष्ठ के प्रशिक्षक के रूप में रेणुका गंजीर, ब्लॉक से



गायत्री परिवार के गोपाल साहू, दिलेश्वर प्रसाद साहू, जवाहर लाल साहू, ओम प्रकाश साहू, मदन लाल चंद्राकार, मेघनाथ साहू, अलख राम साहू, लेख राम साहू, अमरदेव ठाकुर, परमानंद सोनवानी, पवन कुमार यादव, सोमन प्रसाद साहू, रवि कुमार, मोहपतलाल साहू, संहित बहुत से गायत्री मिशन के कार्यकर्ता भाई बहन इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जिसमें 44 बालक एवं 65 बालिकाएं जो व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर में सम्मिलित होने के लिए पंजीयन किए हैं और आवासी शिविर में अपनी उपस्थिति प्रदान किए हैं और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# नेमीचंद कालेज में तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय, दल्लीराजहरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू निषेध एवं उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान तथा विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी, बालोद के जिला संगठक चंद्रशेखर पवार मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य कविता सिंह ने की एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार ठाकुर ने



किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजन-अर्चन से हुआ। अतिथियों एवं प्राचार्य का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्य कविता सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि वर्तमान समय में तंबाकू का सेवन वैश्विक व राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर समस्या बन चुका है। इसके सेवन से शरीर पर अनेक प्रकार के दुष्प्रभाव होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराएं। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर पवार ने युवाओं को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने का आग्रह करते हुए बताया कि बड़ी संख्या में युवा नशे की गिरफ्त में आकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं, जो देश के भविष्य के लिए खतरा है। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक आदतें अपनाने और जीवन को सार्थक बनाने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राजेश ठाकुर ने बताया कि विश्वभर में प्रतिवर्ष लगभग 26 करोड़ लोग तंबाकूजनित बीमारियों से मारे जाते हैं। भारत में यह संख्या लगभग 13 लाख है। उन्होंने बताया कि कैंसर के कुल मामलों में लगभग 27% मामले तंबाकू या तंबाकू उत्पादों के सेवन से होते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। 'तंबाकू निषेध' विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा हरप्रीत कौर प्रथम, एमएससी के छात्र लोकेश सिन्हा द्वितीय तथा बीए द्वितीय सेमेस्टर के यश कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य कविता सिंह, प्राध्यापक पी.के. सिंह, अनुग्रहिता जॉन, प्रवीण गुप्ता, दिनेश माखीजा, यामिनी देवी, कांती नेताम, अनिता ठाकुर, कमल बोदले, संजय कुमार, महावीर जैन एवं रेणुका का योगदान रहा। अंत में धन्यवाद एवं आभार प्रवीण गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

## बॉर में आबकारी विभाग की दबिश

**भिलाई।** आबकारी विभाग ने सूर्या मॉल स्थित लिस्टोमनिया बॉर में दबिश दी। जहां से टीम को भारी मात्रा में अवैध शराब का स्टॉक मिला। सहायक आयुक्त नवीन प्रताप सिंह तोमर के नेतृत्व में दबिश दी गई। लिस्टोमनिया बॉर में 62 पेटी शराब आउट ऑफ स्टॉक होने पर जब्त किया। इस बार के पास एफएल 3 क का लाइसेंस है। केवल आबकारी विभाग से आबंटित शराब ही बेची जा सकती है। टीम ने दबिश दिया तो यहां 696 बोतल शराब दूसरे जगह की मिली। इसके साथ ही कई बोतल में सील तो लगी थी, लेकिन उनका ढक्कन लूज था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### ग्रामीण परेशान पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही

# ग्राम पंचायत सांकरा ज में शराब व गांजे की अवैध बिक्री जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

बालोद ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा ज, जो कि जगन्नाथपुर पंचायत का पड़ोसी ग्राम है, जिसमे अवैध शराब और गांजे की बिक्री धड़ल्ले से हो रहा है। जहां जगन्नाथपुर गांव अवैध शराब बिक्री को लेकर चर्चा में रहा और लगातार पुलिस प्रशासन यहां कार्रवाई की वहीं ग्रामीणों द्वारा पाबंदी लगाते हुए अर्थ दंड का नियम बनाया गया मुनादी कराई गई इसके बाद से कुछ हद तक खुलेआम अवैध बिक्री बंद हुई लेकिन इसका फायदा अब पड़ोसी गांव सांकरा, खास कर शिकारी पारा के लोग नशे में धुत रहने वाले युवक उठा रहे हैं। जो खुलेआम अब शराब और गांजे की बिक्री में संलिप्त हो चुके हैं । सांकरा के गौठान, पानी टंकी, पुरानी सोसाइटी, बाजार चौक,बस स्टैंड के आसपास के कॉम्प्लेक्स परिसर, परसदा मार्ग, बिजली



लता चुरेंद्र सरपंच

ऑफिस के आसपास आदि कुछ ऐसे ठिकाने हैं जहां पर जमकर अवैध शराब और गांजा बेचा जा रहा है। नाम प्रकाशित न करने की शर्तों पर सूत्रों ने बताया कि स्थिति तो ऐसी है कि शिकारीपारा में तो कुछ महिलाएं भी इस कारोबार में संलिप्त हो गई है। एक घर में तो पति पत्नी मिलकर गांजा और शराब बेचते हैं। इन शिकायतों और बिगड़ते माहौल पर स्थानीय महिला सरपंच लता चुरेंद्र का कहना है कि लगातार कुछ लोगों द्वारा अवैध शराब और गांजा बेचने की शिकायत आ रही है। हमने ऐसे लोगों को चेतावनी भी दी है कि यह सब बंद कर दे। इससे गांव की बदनामी होती है। फिर भी कुछ लोग नहीं सुधर रहे हैं। इसको लेकर वे जल्द ही पुलिस प्रशासन से तो लिखित शिकायत करेंगे ही, साथ ही गांव स्तर पर भी बैठक लेकर कड़े नियम कायदे लागू करेंगे ताकि अभी से इस पर नियंत्रण पाया जा सके जगन्नाथपुर में खुले आम पीने पर लगाई है पाबंदी तो मदिरा प्रेमी सांकरा और परसदा मार्ग को बनाए हैं ठिकाना ज्ञात हो कि पड़ोसी ग्राम जगन्नाथपुर पंचायत में अक्षय तृतीया पर अवैध शराब के कारोबार पर पाबंदी लगाते हुए खुलेआम बेचने, पीने और खरीदने वालों पर पाबंदी लगाई है। जिसके चलते अब बस स्टैंड के आसपास माहौल शांत रहता है। लोग खुले में पीते नजर नहीं आते हैं। लेकिन इस पाबंदी के चलते पड़ोसी ग्राम सांकरा के सरहदों पर लोग जाम छलकते भी नजर आ रहे हैं ।

### शिकायत पर कार्रवाई की जा रही

आबकारी निरीक्षक आसाराम ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर विगत दोनों सांकरा के शिकारी पारा में छापे भी मारे गए थे। हालांकि कोई आरोपी पकड़े नहीं गए। लगातार हम निगरानी कर रहे हैं तो बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय का भी कहना है जहां भी शिकायत आती है हम कार्रवाई करते हैं। जगन्नाथपुर सहित आसपास गांव में लगातार पुलिस गश्त भी जारी है। ताकि अवैध शराब बिक्री के साथ-साथ आसामाजिक तत्वों का उत्पात भी कम हो और अपराधों पर नियंत्रण बना रहे।

